# निर्यात में 43 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली | एजेंसी

देश का निर्यात अक्टूबर में 43 प्रतिशत बढ़कर 35.65 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर महीने में व्यापार घाटा भी बढ़कर 19.73 अरब डॉलर हो गया।

निर्यात और आयात के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। समीक्षाधीन महीने में आयात 62.51 प्रतिशत की उछाल के साथ 55.37 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर में पेट्रोलियम, कॉफी, इंजीनियरिंग सामान, सूती धागे, रत्न एवं आभूषण, रसायन, प्लास्टिक और समुद्री उत्पाद के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज हुई।

## उत्साहजनक

- अक्तूबर में 35 .65 अरब डॉलर पर पहुंच गया निर्यात
- चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह में 55 फीसदी वृद्धि

चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में देश का निर्यात पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 55.13 प्रतिशत बढ़कर 233.54 अरब डॉलर रहा है। इस अवधि में आयात भी 78.16 प्रतिशत बढ़कर 331.39 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि ऊंची कीमतों के चलते वैश्विक मांग में कमी के कारण भारत से अक्टूबर के दौरान सोया खली का निर्यात करीब 78 प्रतिशत घटकर महज 30,000 टन पर सिमट गया। पिछले साल अक्टूबर में देश से 1.35 लाख टन सोया खली का निर्यात गया था। प्रसंस्करणकर्ताओं के इंदौर स्थित संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

